

# सेवा संकल्प अभियान की हर गतिविधि का व्यापक प्रचार-प्रसार करें

## केंद्र सरकार की योजनाओं से हुए बड़े निर्माण कार्यों एवं हितग्राहियों के घरों में जलेंगे आशीर्वाद के दीप

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 14 सितम्बर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर्स और कलेक्टर्स को सेवा संकल्प अभियान के संबंध में निर्देश दिए. अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेश भर में सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा.**

अभियान के शुभारंभ में 17 सितंबर को कई कार्यक्रम आयोजित होंगे. प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन पर केंद्र सरकार की योजनाओं द्वारा निर्मित बड़े निर्माण कार्यों एवं लाभांवित हितग्राहियों के घरों में आशीर्वाद के दीप 17



सितंबर को जलाए जाएंगे. प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 500 दीपक अवश्य जलवायें. केंद्र सरकार की योजनाओं तथा प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रमों से मध्यप्रदेश को सर्वाधिक लाभ मिला है.

प्रदेश भर में कई बड़ी परियोजनाएं संचालित हैं. इसी दिन रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है. अभियान को सफल बनाने के लिए अधिकारी कार्य योजना के अनुसार तैयारी कर लें. अभियान में जनप्रतिनिधियों की भी पूरी भागीदारी रहेगी. कलेक्टर्स जिले के प्रभारी मंत्री से परामर्श करके अभियान के दौरान होने वाली गतिविधियों के आयोजन को अंतिम रूप दें. सेवा संकल्प अभियान के दौरान आयोजित की जाने वाली हर गतिविधि का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं. वीडियो, फोटो और अन्य जानकारियां पोर्टल पर दर्ज करने के लिए अलग से टीम तैनात करें. उज्जैन में क्षिप्रा के तट पर 26 लाख से अधिक दीपक जलाए जाएंगे, इसके लिए पूरी तैयारी कर लें.

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान मेरे सपनों का भारत विषय पर पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता सभी स्कूलों और कॉलेजों में आयोजित की जाएगी. इसके विजेताओं को जिला स्तर पर पुरस्कृत करें. इसका आयोजन 19 से 26 सितंबर तक किया जाएगा.

इसी तरह 26 सितंबर से आंगन मिलन सेवा का आयोजन प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र में किया जाएगा. महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ लाभान्वित महिलाओं को सम्मानित भी करें. कलेक्टर कार्यालय से कलेक्टर से कलेक्टर संजय कुमार जैन, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, एसडीएम तथा अन्य अधिकारी इसमें शामिल हुए.



# पेंशनर संगठन मऊगंज की बैठक में मांगों पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 14 सितम्बर, प्रोग्रेसिव पेंशनर संगठन जिला मऊगंज की बैठक श्रीसिद्ध हनुमान मंदिर मऊगंज के प्रांगण में कर्दम ऋषि तिवारी अध्यक्ष प्रोग्रेसिव पेंशनर मऊगंज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.**

बैंठक में प्रान्त स्तर पर 21.09.2026 को भोपाल म0प्र0 लघु वेतन कर्मचारी संघ कार्यालय में बैठक आयोजित की गई. जिसमें स्वास्थ्य बीमा योजना केन्द्र के बराबर लंबित मंहगाई भत्ता, दो वर्ष में पेंशनर को भ्रमण की सुविधा, जिला स्तर पेंशन कार्यालय बंद होने का विरोध एवं पुन: जिला स्तर पर पेंशन कार्यालय स्थापित किया जाय, पेंशनर को 5-5 वर्ष में (65 वर्ष 70 वर्ष, 75 वर्ष, 80 वर्ष में मूल पेंशन में क्रमश:5-5 प्रतिशत की वृद्धि की जाय सहित अन्य आन्दोलन के मुद्दे रखे गये. पेंशनर सदस्यों को जोड़ने के लिए सभी पेंशनर सदस्य मिलकर प्रयास करें तथा प्राय: पेंशनरों को बैंको द्वारा लंबी लाइन में खड़ा किया जाता है.

जिसके लिये पेंशनर को बैंक में पेंशन प्राप्त करने की प्रक्रिया सरल की जाय और अलग से लाइन की व्यवस्था की जाय तथा पेंशनरों को कार्यालय हेतु एक शासकीय कमरा उपलब्ध कराया जाय आदि मुद्दों पर चर्चा की गई. इस दौरान कर्दम ऋषि तिवारी, यज्ञनारायण द्विवेदी, सी0एल0 शर्मा, बैदेहीं प्रसाद पाण्डेय, रत्नेश कुमार पाण्डे, रामलखन शर्मा, रामरहीस सेन, राकेश दुबे, शंकरदयाल पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे.

# गुढ़ नगर परिषद वार्ड-10 निवासी बुद्धसेन विश्वकर्मा का निधन

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 14 सितम्बर, गुढ़ नगर परिषद बार्ड 10 निवासी समाजसेवी बुद्धसेन विश्वकर्मा ( बुद्धा काका ) का आज देर रात्रि आसमायिक निधन हो गया.**

वे लगभग 82 वर्ष के थे स्व: बुद्धसेन विश्वकर्मा अपने जीवन काल में कारपेन्टरी का कार्य करते हुए गांव की सेवा कर अपनी एक अलग ही ख्याति बनाई थी स्व: श्री विश्वकर्मा जी अपने पीछे भरापुरा परिवार को रोता बिलखता छोड़ भगवान के चरणो मे समर्पित हो गए. निधन पर गुढ़ नगर के समाजसेवी राजकुमार मिश्रा, नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष राजकपूर मिश्रा, राजहंस मिश्रा, पत्रकार इन्द्रभान प्रसाद उपाध्याय, राजभान उपाध्याय, इन्द्रपाल उपाध्याय, विकर्ष उपाध्याय, अजय सिंह परिहार, कृष्णप्रताप सिंह, गोविन्द नारायण सिंह, काशी विश्वकर्मा, रामसुजान विश्वकर्मा, लालजी विश्वकर्मा, जीतेन्द्र उर्फ लल्ली विश्वकर्मा, मनसुख लाल सहित, आसपास के लोग व नात रिस्तेदारो ने शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर प्रार्थना की है.



# यूनियन बैंक की शाखा चाकघाट ने मनाई 50 वीं वर्षगांठ

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 14 सितम्बर, चाकघाट नगर में स्थापित यूनियन बैंक स्थापना की 50वीं वर्षगांठ का आयोजन शाखा कार्यालय में साथ मनाया गया.**

इस अवसर पर यूनियन बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक महाप्रबंधक मोहम्मद इब्राहीम मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यूनियन बैंक आर्थिक रूप से जरूरतमंद हर व्यक्तियों के लिए हर समय सहायता देने को तैयार रहता है. यूनियन बैंक की शाखा भारत सरकार की विभिन्न आर्थिक योजनाओं को क्रियान्वन करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है. यह बैंक ग्रामीण स्तर से लेकर हर स्तर पर अपने खातेदारों एवं हितग्राहियों को अपने परिवार का हिस्सा मानकर उनकी सेवा में सदैव संलग्न रहा है. यही कारण है कि यूनियन बैंक की जहां भी शाखाएँ हैं वह निरंतर प्रगति कर रही हैं. शाखा के प्रबंधक तनुज कुमार तोमर ने चाकघाट शाखा के 50 वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में उपस्थित लोगों का स्वागत किया तथा बैंक की विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला. स्वर्ण जयंती का केक काटकर 50 वीं वर्षगांठ उत्सव मनायेजाने के इस अवसर पर बैंक के खातेदार एवं वरिष्ठ पत्रकार/ साहित्यकार राम लखन गुप्ता ने यूनियन बैंक शाखा की स्थापना के प्रसंग का स्मरण सुनते हुए बताया आज से 50 वर्ष पूर्व रीवा के तत्कालीन महाराजा मार्तंड सिंह जी ने इस शाखा का उद्घाटन किया था, और यह जनता के बैंक के रूप में काफी लोकप्रिय हुआ. कार्यक्रम में अधिवक्ता विजय द्विवेदी, त्योंथर जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद सिंह, कुमार राजेश सिंह, राकेश कुमार गुप्ता बबलू ,नीरज सिंह, पचामा बैंक के शाखा प्रबंधक राहुल रंजन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

# संकल्प अभियान में बेहतर समन्वय और अधिक से अधिक जनसहभागिता की जाए सुनिश्चित

## मुख्यमंत्री डॉ . यादव ने की सेवा-संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सतना 14 सितम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रज्ज्वलित विकास के दीपक का प्रकाश देशभर में फैल रहा है। यह श्री मोदी के सेवा और जिम्मेदारी के 25 वर्षों के उजास का प्रतीक है।**

प्रदेश में सेवा-संकल्प अभियान 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक संचालित होगा। प्रदेशवासी प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर को बड़ी संख्या में दीप प्रज्जवलित कर उनके प्रति आभार प्रदर्शित करेंगे, हमारा प्रयास हो कि इस अवसर पर दीप प्रज्ज्वलन का विश्व रिकॉर्ड कायम हो। सेवा संकल्प अभियान का आयोजन ग्राम और नगर स्तर पर अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए उत्साह पूर्वक किया जाये। सभी



कार्यक्रमों की पूर्व तैयारी के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर प्रभावी मॉनीटरिंग हो। विभिन्न कार्यक्रमों की व्यवस्था के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों से भी बेहतर समन्वय और सभी संबंधितों की शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सेवा के रंग-राष्ट्र के संग कार्यक्रम के अंतर्गत जबलपुर में ह्युमन रंगोली का राज्य स्तरीय आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेवा संकल्प अभियान की प्रदेश में जारी तैयारियों की समत्व भवन में समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए।

बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री प्रहलाद पटेल, मंत्री राकेश सिंह, मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, मंत्री विश्वास सारंग, नागर सिंह चैहान, मंत्री राकेश शुक्ला, मंत्री इन्दर सिंह परमार और राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल वर्चुअली शामिल हुए। समत्व भवन में हुई बैठक में मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, केसी गुप्ता, संजय दुबे, अनुपम राजन, संजय शुक्ला, शिवशेखर शुक्ला तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक से समस्त संभागायुक्त तथा जिला कलेक्टर्स वर्चुअली जुड़े। सतना के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, निगमायुक्त डॉ नागार्जुन बी गौडा, अपर कलेक्टर विकास सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

**अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों पर प्रस्तुतिकरण-** सेवा-संकल्प अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर को आर्शीवाद का दिया कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगी। उज्जैन के महाकाल महालोक सहित प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में शाम 7 बजे एकसाथ दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, उज्जैन के कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। प्रदेश के सभी लाभार्थी परिवारों और संस्थाओं को दीप प्रज्जवलन में शामिल किया जाए।

प्रयास है कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर मध्यप्रदेश दीप प्रज्जवलन में विश्व रिकॉर्ड कायम करे। इसी दिन सभी स्वास्थ्य केंद्रों और मेडिकल कॉलेजों में रक्तदान शिविर आयोजित होंगे।

### बच्चों के लिए होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं

सेवा-संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत कार्यक्रम में 19 से 26 सितम्बर तक जिलास्तर पर और 4 व 5 अक्टूबर को राज्यस्तर पर चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं होंगी। इनमें सभी शासकीय और निजी स्कूल, कॉलेज भागीदारी करेंगे। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार और मुख्यमंत्री जी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम के राज्य प्रभारी, स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह होंगे। नमो सेवा-अनकही कहानियां गतिविधि 19 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक होगी, जिसके अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति होगी।

# बरांव में माटी गणेश कार्यक्रम हुआ

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 14 सितम्बर, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला रीवा के सम्भाग समन्वयक प्रवीण पाठक एवं जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार के निर्देशन माटी गणेश सिद्ध गणेश का कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

सेक्टर क्र.-03 बरांव में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पटेहरा द्वारा माटी गणेश सिद्ध गणेश का कार्यक्रम पी एम श्री शा.उ. मा. वि.बरांव में आयोजित किया गया. जिसमे नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पटेहरा के सचिव मदन लाल कुशवाहा व विद्यालय के छात्र आदर्श सोंधिया व छात्रा अंजली पटेल द्वारा भगवान गणेश जी की मिट्टी की प्रतिमा का निर्माण कर छात्र/ छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया.

उक्त कार्यक्रम में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पटेहरा से अध्यक्ष श्रीनिवास पटेल, सचिव मदन लाल कुशवाहा व स्थानीय ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरांव के अध्यक्ष केमला पटेल व सचिव मनोज तिवारी तथा विद्यालय के शिक्षक राम सुरेश पटेल एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रही. इस दौरान छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला.

# सेवा संकल्प अभियान के तहत सतना जिले में होंगे वृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

नवभारत न्यूज

**सतना 14 सितम्बर. प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सतना जिले में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में वृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।**

इन शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक स्वैच्छिक रक्तदाताओं को प्रेरित कर रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में निर्धारित तिथियों पर विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी भी निर्धारित की गई है। संबंधित अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहकर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर को जिला चिकित्सालय सतना में आयोजित होने वाले शिविर के लिए रक्त केन्द्र अधिकारी डॉ. अंकिता पाण्डेय सहित आशीष तिवारी, एल.के. वर्मा, श्रीमती सुभद्रा सोनी, श्रीमती सविता सिंह एवं श्रीमती रिंकी वर्मा की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार 18 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझगवां में आयोजित शिविर के लिए खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूपेश सोनी आशीष तिवारी, एल.के. वर्मा, राजेन्द्र श्रीवास्तव, रामनारायण कुशवाहा एवं ओमप्रकाश कुशवाहा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। 23 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठी में होने वाले रक्तदान शिविर के लिए चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकेश सोनी, मिथलेश तिवारी, आशीष तिवारी, रामनारायण कुशवाहा, ओमप्रकाश कुशवाहा एवं राजेन्द्र श्रीवास्तव की ड्यूटी निर्धारित की गई है। 26 सितम्बर को सिविल अस्पताल नागौद में आयोजित शिविर के लिए नोडल अधिकारी डॉ. दिलीप चैरसिया, आशीष तिवारी, देव कुमार, प्रिन्स कुमार शर्मा, राजेन्द्र श्रीवास्तव, रामनारायण कुशवाहा एवं ओमप्रकाश कुशवाहा को दायित्व सौंपा गया है। 30 सितम्बर को सिविल अस्पताल उचेहरा में होने वाले शिविर के लिए खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. राय,, आशीष तिवारी, धर्मेन्द्र कोरी, अनुराग समदरिया, अंजली वर्मा, रामनारायण कुशवाहा, ओमप्रकाश कुशवाहा एवं राजेन्द्र श्रीवास्तव की ड्यूटी लगाई गई है। 3 अक्टूबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटर में आयोजित रक्तदान शिविर के लिए चिकित्सा अधिकारी डॉ. सर्वेश सिंह, आशीष तिवारी, रामनारायण कुशवाहा, ओमप्रकाश कुशवाहा एवं राजेन्द्र श्रीवास्तव को जिम्मेदारी दी गई है। 7 अक्टूबर को सिविल अस्पताल रामपुर बघेलान में आयोजित होने वाले शिविर के लिए खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राघवेन्द्र सिंह, आशीष तिवारी, रामनारायण कुशवाहा, ओमप्रकाश कुशवाहा एवं राजेन्द्र श्रीवास्तव की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

# धरना स्थल से बुजुर्ग का अपहरण, नागौद पुलिस पर मिलीभगत के आरोप

नवभारत न्यूज

**सतना 14 सितम्बर. सिविल लाइन चौक स्थित धरना स्थल से बुजुर्ग इंजीनियर का अपहरण कर नागौद थाने ले जाने और सादे कागज पर दस्तखत कराने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. घटना के बाद पीड़ित ने सीएसपी को लिखित शिकायत सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है.**

भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वर चंद्र त्रिपाठी के अनुसार इंजीनियर राजबहादुर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर 10 अगस्त से धरने पर बैठे थे.13 सितंबर की दोपहर जब वे सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराकर धरना स्थल पहुंचे, तभी मौके पर सेमरवारा निवासी विष्णु लोधी, अजय बहादुर लोधी और विनय बहादुर लोधी ने जबरन उनके हाथ-पैर पकड़े और सफेद बोलेरो में डालकर ले गए. आरोप है कि वे पीड़ित को सीधे नागौद थाने ले गए जहां टीआई की मौजूदगी में उनसे जबरिया सादे कागज पर हस्ताक्षर कराए गए.

किसी तरह चंगुल से छूटे बुजुर्ग ने पहुंचकर सीएसपी से विष्णु लोधी, अजय बहादुर लोधी, विनय बहादुर लोधी और बृजेश सेन के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की. किसान नेता त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि सिविल लाइन पुलिस को पहले से सूचना होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई. उन्होंने नागौद टीआई मनोज सोनी और बीट इंचार्ज संजय मिश्रा पर आरोपियों से साठगांठ का आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल निलंबित करने की मांग की है

# भोपाल में आयोजित होगा अभियंता दिवस

नवभारत न्यूज

**सतना 14 सितम्बर. अभियंता दिवस के अवसर पर लोक निर्माण विभाग द्वारा 15 सितम्बर को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राज्य स्तरीय अभियंता दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।'लोक निर्माण से लोक कल्याण' की अवधारणा पर आयोजित समारोह में अधोसंरचना निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और उल्लेखनीय योगदान देने वाले अभियंताओं, अधिकारियों, संयुक्त दलों तथा निर्माण एजेंसियों को 'लोक निर्माण पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम और मध्यप्रदेश भवन विकास निगम से प्राप्त प्रस्तावों के विस्तृत परीक्षण के बाद पुरस्कारों के लिए उत्कृष्ट कार्यों का चयन किया गया है।



# चित्रकूट-सतना मार्ग पर आवागमन के लिए भारी वाहनों से हटा प्रतिबंध

## कलेक्टर ने जारी किए आदेश

नवभारत न्यूज

**सतना 14 सितम्बर. अतिवृष्टि एवं बाढ़ के कारण चित्रकूट-सतना मार्ग पर पिन्ड्रा के पास पुल के क्षतिग्रस्त होने पर हुई पुलिया का मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद मार्ग को पुन: वाहन संचालन योग्य बना दिया गया है।**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा पुलिया का मरम्मत कार्य पूर्ण कर मार्ग को मोटरबल बनाए जाने की जानकारी दी गई है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा जारी आदेश के अनुसार चित्रकूट-सतना मार्ग पर पूर्व में लगाए गए प्रतिबंधों को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार चित्रकूट-सतना मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन के लिए लगाए गए सभी प्रतिबंध हटा लिए गए हैं। अब मार्ग पर भारी एवं हल्के सभी प्रकार के वाहनों का सामान्य आवागमन तत्काल प्रभाव से पुन: बहाल कर दिया गया है। मार्ग परिवर्तन व्यवस्था के दौरान पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा स्थापित की गई अस्थाई पुलिस चैकी, डायवर्सन पॉइंट, बैरिकेड्स एवं सुरक्षा बल की व्यवस्था को भी तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा।

# मर्यादा में रहकर की गई भक्ति ही जीवन को सुखी एवं स्थिर बनाती है

नवभारत न्यूज

**सतना,14 सितंबर । संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में संत निरंकारी सत्संग भवन, कृष्ण नगर, सतना में जोन 23 का जोनल स्तरीय निरंकारी महिला संत समागम श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद से आयोजित इस समागम की अध्यक्षता प्रयागराज से पधारीं ज्ञान प्रचारक आदरणीय बहन कुमुद जी ने की।**

समागम को संबोधित करते हुए बहन कुमुद जी ने कहा कि मर्यादा मानव जीवन और भक्ति की नींव है। जिस प्रकार नदी जब तक अपनी मर्यादा में बहती है, सभी को शीतल जल देकर जीवन प्रदान करती है लेकिन यही नदी जब मर्यादा तोड़ती है तो विनाशकारी बाढ़ बन जाती है; ठीक उसी प्रकार मर्यादा में रहकर जीवन जीने से परिवार और समाज में सुख-शांति बनी रहती है। आपने आगे बताया कि संपूर्ण हरदेव वाणी का पावन संदेश भी यही सिखाता है कि गृहस्थ जीवन में रहते हुए, मर्यादा का पालन करके ही सच्ची भक्ति संभव है।

**नारी की परिवार में भूमिका-** बहन जी ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जिस घर में बड़े-बुजुर्गों का सम्मान होता है और बहू-बेटियों को आदर व प्यार मिलता है, वही परिवार वास्तविक रूप में खुशहाल बन पाता है। नारी का त्याग, सेवाभाव और प्रेम ही पूरे परिवार को जोड़े रखता है। उन्होंने साध-संगत से आह्वान किया कि ब्रह्मज्ञान की शिक्षाओं को केवल वचनों तक सीमित न रखकर अपने दैनिक आचरण में ढालें।

# एंकर श्रेया शर्मा केंद्रीय राज्य मंत्री के हाथों सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सतना 14 सितम्बर. देश की मशहूर एंकरों में शुमार श्रेया शर्मा लगातार अपने एंकरिंग के टैलेंट से सतना से चलकर देश के कोने कोने में अपने हुनर का जलवा विखेर रही हैं.**

उन्होंने अभी तक बॉलीवुड से लेकर बिजनेस अवॉर्ड शो व विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों में सफल संचालन कर लोगों का मनमोहा इसी क्रम में आगरा में आयोजित बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड में बेहतर एंकरिंग के लिए आगरा के सांसद व केंद्रीय



पशुपालन डेयरी विकास पंचायतीराज विभाग के राज्य मंत्री श्री एसपी सिंह बघेल के हाथों सम्मानित हुई.श्रेया शर्मा बॉलीवुड के सितारों के साथ आए दिन लगातार आयोजनों में शिरकत करती रहती हैं और एंकरिंग की उनकी आधुनिक व मनोरंजनपूर्ण स्टाइल के कारण सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनकी फैन फॉलोइंग का दिन प्रतिदिन व्यापक पैमाने पर इजाफा हो रहा है साथ ही सतना का नाम भी रोशन कर रही हैं इस अवार्ड के लिए श्रेया शर्मा ने हृत्रष्टस्रू के डायरेक्टर सुनील कुमार का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

ज्ञात हो श्रेया शर्मा सतना के प्रख्यात अधिवक्ता रहे स्वर्गीय मुरलीधर शर्मा की पौत्री व वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा की बेटी हैं।